भारत सरकार
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय
भारी उद्योग विभाग
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 997
जिसका उत्तर सोमवार, 01 जुलाई, 2019 को दिया जाना है

**एच.ई.सी रांची झारखण्ड का अधिग्रहण**

**997. श्री समीर उरांव:**

क्या भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) रांची, झारखण्ड में स्थित हेवी इंजीनियरिंग कॉरपोरेशन (एच.ई.सी) को परमाणु ऊर्जा विभाग द्वारा अधिगृहीत किए जाने की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) क्या सरकार के पास हेवी इंजीनियरिंग कॉरपोरेशन की बदहाल वित्तीय स्थिति की पुनर्संरचना की कोई योजना विचाराधीन है; और

(ग) सरकार द्वारा इस दिशा में आज तक क्या-क्या कदम उठाए गए हैं?

**उत्तर**
**भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री**
**(श्री अरविंद गणपत सावंत)**

**(क) से (ग):** वर्तमान में, एचईसी का प्रशासनिक नियंत्रण भारी उद्योग विभाग के पास है।

एचईसी ने एक आधुनिकीकरण एवं पुनरुद्धार योजना तैयार की जिसका डॉ. वी.के सारस्वत., सदस्य, नीति आयोग की अध्यक्षता वाली विशेषज्ञ समिति द्वारा तकनीकी रूप से मूल्यांकन किया गया था। समिति ने इसके आधुनिकीकरण सहित कंपनी के अनेक मुद्दों पर अपने विचार प्रस्तुत किए हैं।

इस रिपोर्ट के कार्यान्वयन के पहले चरण के रूप में और एचईसी की बदहाल वित्तीय स्थिति को कम करने के लिए मंत्रिमंडल ने दिनांक 31.03.2017 की अपनी बैठक में हेवी इंजीनियरिंग कार्पोरेशन लि. (एचईसी), राँची को झारखण्ड राज्य सरकार को 675.43 एकड़ भूमि हस्तांतरित कर के वर्तमान में उपयोग न होने वाली भूमि की बिक्री करने तथा अन्य बातों के साथ-साथ इससे प्राप्त धनराशि का उपयोग एचईसी की सांविधिक देयताओं तथा अन्य देनदारियों के परिसमापन की अनुमति दी।

*****